**B**

SL. No. : ZZ

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 46 ]
Total No. of Questions : 46 ]

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

**CCE RR**
**UN-REVISED**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H**

**Code No. : 61-H**

यहाँ से काटिए

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2019 ] [ Date : 04. 04. 2019

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-00 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-00 Noon

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 46 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

## खण्ड - क

### ( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1. 'जन-गण-मन' राष्ट्रगीत के रचयिता कौन हैं ?
2. लोग साहूकार को किस नाम से पुकारते थे ?
3. साहनी जी का बचपन खेल-कूद से क्यों वंचित था ?
4. तिम्मक्का ने वृक्षों को कैसे पाला ?
5. मातृभूमि के खेत कैसे हैं ?
6. यशोदा और नंद का रंग कैसा था ?

II. 7. सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

| **'क'** | | **'ख'** | |
|---|---|---|---|
| अ) | गिल्लू की समाधि | i) | ईमानदारी पर व्यंग्य |
| आ) | ईमानदारों के सम्मेलन में | ii) | आंतरिक शुद्धि |
| इ) | आधुनिक मानव | iii) | सोनजुही लता के नीचे |
| ई) | राम नाम जपने से | iv) | गमलों के बीच में |
| | | v) | सृष्टि का श्रृंगार |
| | | vi) | बेईमानी पर व्यंग्य |
| | | vii) | घर के अंदर प्रकाश । |

III. प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $4 \times 1 = 4$

8. ई-हैकिंग : अभिशाप : : ई-बैंकिंग : .......................

9. बसंत की सच्चाई : एकांकी : : साहित्य सागर का मोती : .......................

10. प्रभो : जयशंकर प्रसाद : : मातृभूमि : .......................

11. मुखिया : मुख के समान : : संत : .....................

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : $11 \times 2 = 22$

12. 'शांतिनिकेतन' की स्थापना करने का मूल उद्देश्य क्या था ?

13. भिखारी ने साहूकार को कैसे बचाया ?

14. समाज के किन-किन क्षेत्रों में इटरनेट का योगदान है ?

15. लेखिका ने गिलहरी की रक्षा कैसे की ?

16. भीष्म साहनी जी को रेस्तराँ के मालिक का व्यवहार असहनीय क्यों लगा ?

17. परसाई जी को रेलवे स्टेशन पर माली की याद क्यों आयी ?

18. डॉ० कंबार जी को लोकसाहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ?

19. भारत माता का स्वरूप कैसे सुशोभित है ?

20. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

21. 'टाइटन' उपग्रह के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

शनि ग्रह को 'सुंदर ग्रह' क्यों कहा गया है ?

22. सत्य के बारे में महात्मा गाँधी जी का कथन क्या है ?

**अथवा**

जीवन में सफल होने के लिए कौन-सा तत्व आवश्यक है ?

V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $4 \times 3 = 12$

23. ''कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला अद्‌भुत है ।'' इस बात का समर्थन कीजिए ।

24. ''तिम्मक्का एक महान वृक्ष प्रेमी है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

25. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?

26. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

तुलसी साथी विपत्ति के विद्या विनय विवेक ।

साहस सुकृति सुसत्यव्रत राम भरोसो एक ।।

VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : $1 \times 4 = 4$

27. ''बसंत एक स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का है ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

''राजकिशोर एक सच्चे नेता हैं ।'' कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

28. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4

जो तेरी होवे................................................

............................................................

............................................................

............................................ दिला रही है !

**अथवा**

दया धर्म................................................. ।

............................................. घट में प्राण ।।

## खण्ड - ख
## ( व्याकरण )

VII. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं जिनमें एक मात्र सही उत्तर है । सही उत्तर चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : $8 \times 1 = 8$

29. 'लता' शब्द का बहुवचन है –

(A) लता (B) लतिका

(C) लताएँ (D) लताओं ।

30. निम्नलिखित में से 'पुल्लिंग' शब्द है –

(A) हाथी (B) मोरनी

(C) गाय (D) बकरी ।

31. 'दिन' का विलोम शब्द होगा –

(A) सुबह (B) शाम

(C) दोपहर (D) रात ।

32. निम्नलिखित में 'गुण संधि' का उदाहरण है –

(A) महात्मा (B) महोत्सव

(C) अत्यधिक (D) एकैक ।

33. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' के लिए उदाहरण है –

(A) पाप-पुण्य (B) सद्‌धर्म

(C) देशवासी (D) त्रिवेणी ।

34. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

(A) चल (B) चाल

(C) चलाना (D) चलवाना ।

35. सत्य ............... महिमा अपार है । इस वाक्य के लिए उपयुक्त कारक होगा –

(A) ने (B) पर

(C) का (D) की।

36. इंटरनेट का मतलब क्या है

इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा –

(A) पूर्ण विराम (B) विवरण

(C) प्रश्नवाचक (D) विस्मयादिबोधक ।

**खण्ड - ग**

**( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्रलेखन और निबंध )**

VIII. प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

भारत गाँवों का देश है । यहाँ के अधिकांश लोग गाँवों में ही बसते हैं । भारत की उन्नति गाँवों की उन्नति पर ही अवलंबित है । गाँवों में रहनेवाले अधिकांश लोग पढ़े-लिखे नहीं होते । इसी कारण से वे अपने अधिकार और कर्तव्यों को समझ नहीं पाते । अनक्षरता के कारण अंधविश्वास और बुरी प्रथाओं का शिकार बन जाते हैं । वे लोग गाँवों की दशा सुधारने के बारे में कभी नहीं सोचते । भारत के गाँवों की स्थिति दयनीय है । जब तक यहाँ के गाँवों का सुधार नहीं होगा, तब तक गाँधीजी के 'रामराज्य' का सपना साकार नहीं होगा ।

37. भारत कैसा देश है ?

38. भारत की उन्नति किसपर अवलंबित है ?

39. ग्रामीण लोग बुरी प्रथाओं का शिकार क्यों बन जाते हैं ?

40. गाँधीजी ने कैसा सपना देखा था ?

IX. निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 4 × 1 = 4

41. आज का युग इंटरनेट का युग है ।

42. कर्नाटक भारत देश का प्रगतिशील राज्य है ।

43. तिम्मक्का का व्यक्तित्व अनुकरणीय है ।

44. महाकवि रवींद्रनाथ ठाकुर आदर्शवादी थे ।

X. 45. कोई कारण बताते हुए अपने प्रधानाध्यापक के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए । 1 × 4 = 4

**अथवा**

शैक्षिक यात्रा के लिए रुपये माँगते हुए अपने पिताजी के नाम पत्र लिखिए ।

XI. 46. दिए गए बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4

क) जनसंख्या समस्या

* विषय प्रवेश
* जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
* नियंत्रण के उपाय
* उपसंहार ।

ख) इंटरनेट का महत्व

* अर्थ
* उपयोग, सुविधाएँ
* दुरुपयोग / दुष्परिणाम
* उपसंहार ।

ग) मेरा प्रिय साहित्यकार

* भूमिका
* विषय विस्तार
* साहित्यिक क्षेत्र में योगदान
* उपसंहार ।